# सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल के क्षतिग्रस्त अंश का पुनर्निर्माण शुरू

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना: सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल के क्षतिग्रस्त अंश का पुनर्निर्माण कार्य आरंभ करा दिया गया है। अगले 18 माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने इस आशय की जानकारी दी।

पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि परियोजना के प्रथम चरण में पहुंच पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, ताकि यातायात संचालन को शीघ्र सुगम बनाया जा सके।, परिवर्तित सुपर-स्ट्रक्चर के अनुरूप आइआइटी, रूड़की द्वारा प्राप्त तकनीकी परामर्श के अनुसार नींव में आवश्यक सुधार का कार्य भी कराया जा रहा। क्षतिग्रस्त अंश सहित पहुंच पथ एवं शेष बचे कार्यों को आगामी 18 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अभियंताओं को निर्देश दिया गया है कि कार्य की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को ले पुल निर्माण निगम के अंतर्गत एक परियोजना क्रियान्वयन इकाई गठित की गई है, जिसमें अनुभवी स्ट्रक्चरल इंजीनियरों को प्रतिनियुक्त किया गया है।